No. BSEH/SEC/2026 **"सार्वजनिक–सूचना"** Circular No.: 17
Dated : 17 .09.2026

**एतद् द्वारा सभी सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि** हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा **(HTET) 2025** से संबंधित अभ्यर्थियों से उत्तरकुंजियों (**Answer Keys**) में विसंगतियों के संदर्भ में दस्ती (व्यक्तिगत जमा कराए गए) प्रतिवेदन तथा ई–मेल प्राप्त हुए हैं। बोर्ड प्रशासन द्वारा इन सभी प्रतिवेदनों पर संज्ञान लेते हुए अतिशीघ्र आवश्यक एवं नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उत्तरकुंजियों बारे जो भी आपत्तियां अभ्यर्थियों से प्राप्त हुई हैं उनके निस्तारण की प्रक्रिया पूर्णतः समयबद्ध एवं सुचारू रूप से प्रगति पर है। यह प्रक्रिया शीघ्र ही संपन्न कर ली जाएगी, तथा इससे संबंधित नवीनतम (**Updated**) जानकारी एवं बनता परीक्षा परिणाम बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर यथाशीघ्र उपलब्ध करवाया **जाऐगा।**

अतः सभी अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे किसी भी प्रकार के भ्रम, आंदोलन या अनर्गल गतिविधियों से दूर रहें एवं संयम बनाए रखें। सभी प्रामाणिक जानकारियों के लिए केवल बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट www.bseh.org.in का ही अवलोकन करें।

**सचिव**